# न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

29
28/3/2025

## आज्ञा – पत्र

विष्णु प्रसाद बनाम प्रहलाद कुमार　　　　किस्म मुकदमा –223

(प्रार्थना पत्र आदेश 41 नियम 5, 151 सीपीसी)　　　　अपील संख्या – 2025/61

अभिभाषक अपीलांट – श्री संतोष सक्सैना

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर या तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 28.03.2025 | यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 5 जा.दि. 151 सीपीसी के तहत स्थगन आदेश दिनांक 16.01.2025 के विरूद्ध बाबत् अपीलांट द्वारा जरिये अभिभाषक पेश किया गया। अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आदेश 41 नियम 5 जा.दि. 151 सीपीसी पर अभिभाषक अपीलांट की एकतरफा बहस सुनी गयी है। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 5 जा.दि. 151 सीपीसी दर्ज रजिस्टर हो।<br>हमने अभिभाषक अपीलांट की बहस पर मनन किया एवं प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। यह प्रार्थना पत्र इस न्यायालय के निर्णय एवं डिक्री दिनांक 16.01.2025 के विरूद्ध प्रस्तुत की गयी है। प्रार्थना पत्र में अंकितानुसार प्रार्थी द्वारा इस निर्णय व डिक्री दिनांक 16.01.2025 के विरूद्ध माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर में अपील प्रस्तुत की गयी है किन्तु राजस्व मण्डल में अधिवक्ताओं द्वारा हडताल किये जाने एवं न्यायालय का कार्य स्थगित होने के कारण इस न्यायालय में यह प्रार्थना पत्र पेश किया गया है।<br>इस प्रार्थना पत्र के अनुसार इस न्यायालय के निर्णय एवं डिक्री दिनांक 16.01.2025 की अपील मा0 राजस्व मण्डल अजमेर के समक्ष होना जाहिर होता है। इस बाबत् प्रार्थना पत्र के साथ संबंधित अपील जो राजस्व मण्डल में जैरकार है उसकी प्रतिलिपि भी सलंग्न है। अभिभाषक अपीलांट द्वारा भी इस अपील का कोई खण्डन नहीं किया है। ऐसे में इस न्यायालय के अंतिम निर्णय की अपील रेस्पोडेंट द्वारा राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर में अपील संख्या– अपील डिक्री/आर.टी.एक्ट/बारां/1646/2024 प्रस्तुत की हुई है।<br>अतः इस न्यायालय के अंतिम निर्णय की अपील अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन रहते हुए इस न्यायालय को उक्त प्रार्थना पत्र पर सुनवाई का श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार प्राप्त नही होने के कारण इस प्रार्थना पत्र को इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>(दीप्ति रामचन्द्र मीना)<br>भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन<br>राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा | |